संख्या–cm-322
02/10/2024

# मुख्यमंत्री ने बाढ़ पीड़ितों के सहायता कार्य में लगे भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर का सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग कराये जाने पर पायलट एवं उनके सहयोगियों को बहादुरी के लिये दिया धन्यवाद, एस0डी0आर0एफ0 तथा स्थानीय ग्रामीणों को भी सुरक्षित रेस्क्यू कराने के लिये दिया धन्यवाद

पटना, 02 अक्टूबर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर के द्वारा फूड पैकेट गिराये जाने के क्रम में इंजन फेल हो जाने के कारण सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग कराने के लिये भारतीय वायुसेना के पायलट स्क्वाड्रन लीडर श्री प्रवीण एवं उनके सभी सहयोगियों को उनकी बहादुरी के लिये धन्यवाद दिया। साथ ही मुख्यमंत्री ने स्थानीय ग्रामीण एवं एस0डी0आर0एफ0 टीम के सभी सदस्यों को भी धन्यवाद दिया, जिनकी तत्परता एवं बहादुरी के कारण वायुसेना के पायलट एवं उनके सहयोगियों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

ज्ञातव्य है कि राज्य में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से फूड पैकेट का एयर ड्रॉपिंग कार्य किया जा रहा है। आज एयर ड्रॉपिंग कार्य के दौरान एक हेलीकॉप्टर का इंजन फेल हो जाने के कारण मुजफ्फरपुर जिला के औराई प्रखण्ड के अन्तर्गत राजखण्ड दक्षिणी पंचायत के मधुबन बैसी ग्राम अवस्थित लखनदेई नदी में पायलट के द्वारा इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। लैंडिंग के पश्चात् वहां उपस्थित एस0डी0आर0एफ0 टीम के द्वारा पायलट स्क्वाड्रन लीडर श्री प्रवीण एवं अन्य तीन सहयोगियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। सभी को तुरंत जांच एवं इलाज हेतु श्रीकृष्ण मेमोरियल कॉलेज एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर भेजा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य में बाढ़ की स्थिति को देखते हुये भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से फूड पैकेट का एयर ड्रॉपिंग कार्य जारी रहेगा।

******